भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3363
दिनांक 12 जुलाई, 2019 को उत्तर के लिए

बच्चों की असामयिक मृत्यु

3363. श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगरेः
श्री रवि किशनः
श्री पी॰ पी॰ चौधरी

क्या महिला और बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत 10 वर्षों के दौरान 0-10 वर्ष की आयु के बच्चों की असामयिक मृत्यु की दर उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कितनी रही है;
(ख) क्या कुछ वर्षों में बच्चों की मृत्यु दर बढ़ी है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;
(ग) गत पांच वर्षों के दौरान सरकार द्वारा बच्चों की असामयिक मौतों की जांच या उनसे बचने के लिए क्या प्रयास किए गए हैं; और
(घ) तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रीमती स्मृति ज़ुबिन ईरानी	महिला एवं बाल विकास मंत्री

(क) से (घ) : वर्ष 2005-2017 के दौरान 1000 जीवित जन्मे बच्चों के पीछे शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) के नमूना पंजीकरण प्रणाली के माध्यम से प्राप्त राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार आंकड़े अनुलग्नक-I में दिए गए हैं । वर्ष 2006-2015 के दौरान बच्चों (14 वर्ष से कम आयु) की दुर्घटनाओं के कारण मृत्यु के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कुल आंकड़े अनुलग्नक-II में दिए गए हैं । बच्चों की मृत्यु दर में बढ़ोतरी/कमी संलग्न विवरणों में दर्शाई गई है ।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने बाल अधिकारों के संरक्षण और संवर्धन के लिए विभिन्न बाल केंद्रित अधिनियम बनाए हैं, जैसे बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम, 2005, बच्चों का यौन शोषण से संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम, 2012 तथा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 (जेजे एक्ट) । जबकि किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के अंतर्गत बच्चों की सुरक्षा, संरक्षा, गरिमा और कल्याण सुनिश्चित किया जाता है, पॉक्सो अधिनियम, 2012 एक विशेष कानून के रूप में बच्चों के यौन दुर्व्यवहार और शोषण से संरक्षण पर केंद्रित है ।

सरकार ने बच्चों के स्वास्थ्य के तरीकों में सुधार लाने और बाल मृत्यु दर को कम करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत विभिन्न उपाय किए हैं, जिनमें जननी सुरक्षा योजना और जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत नकद प्रोत्साहन राशि के माध्यम से संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना, शिशुओं और छोटे बच्चों के आहार के उपयुक्त तरीकों को बढ़ावा देना, सर्वसुलभ टीकाकरण कार्यक्रम का क्रियान्वयन, जिसमें तपेदिक, डिफ्थिरिया, परट्यूसिस, पोलियो, टिटनेस, हैपेटाइटिस बी, खसरा, रूबेला, निमोनिया और हिमोफिलस इंफ्लूएंजा बी के कारण होने वाली मेनिंजाइटिस जैसे घातक रोगों से सुरक्षा के लिए बच्चों को टीके लगाए जाते हैं और गंभीर अत्यधिक कुपोषण से ग्रस्त ऐसे बच्चों, जिन्हें बीमारियों के कारण उपचार हेतु चिकित्सा केंद्रों में दाखिल किया जाता है, के लिए जन स्वास्थ्य केंद्रों में पोषण पुनर्वास केंद्र स्थापित करना शामिल है ।

*****

<u>अनुलग्नक-I</u>

'बच्चों की असामयिक मृत्यु' विषय पर श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगरे, श्री रवि किशन और श्री पी॰ पी॰ चौधरी द्वारा दिनांक 12 जुलाई, 2019 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3363 के उत्तर के भाग (क) से (घ) में संदर्भित विवरण

<u>1000 जीवित जन्मे बच्चों के पीछे शिशु मृत्यु दर के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार आंकडे</u>

| क्र.सं. | राज्य | शिशु मृत्यु दर | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2005 | 2006 | 2007 | 2008 | 2009 | 2010 | 2011 | 2012 | 2013 | 2014 | 2015 | 2016 | 2017 |
| | अखिल भारत | 58 | 57 | 55 | 53 | 50 | 47 | 44 | 42 | 40 | 39 | 37 | 34 | 33 |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 57 | 56 | 54 | 52 | 49 | 46 | 43 | 41 | 39 | 39 | 37 | 34 | 32 |
| 2 | अंडमान व निकोबार द्वीप | 27 | 31 | 34 | 31 | 27 | 25 | 23 | 24 | 24 | 22 | 20 | 16 | 14 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 37 | 40 | 37 | 32 | 32 | 31 | 32 | 33 | 32 | 30 | 30 | 36 | 42 |
| 4 | असम | 68 | 67 | 66 | 64 | 61 | 58 | 55 | 55 | 54 | 49 | 47 | 44 | 44 |
| 5 | बिहार | 61 | 60 | 58 | 56 | 52 | 48 | 44 | 43 | 42 | 42 | 42 | 38 | 35 |
| 6 | चंडीगढ़ | 19 | 23 | 27 | 28 | 25 | 22 | 20 | 20 | 21 | 23 | 21 | 14 | 14 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 63 | 61 | 59 | 57 | 54 | 51 | 48 | 47 | 46 | 43 | 41 | 39 | 38 |
| 8 | दादर और नागर हवेली | 42 | 35 | 34 | 34 | 37 | 38 | 35 | 33 | 31 | 26 | 21 | 17 | 13 |
| 9 | दमन और दीव | 28 | 28 | 27 | 31 | 24 | 23 | 22 | 22 | 20 | 18 | 18 | 19 | 17 |
| 10 | दिल्ली | 35 | 37 | 36 | 35 | 33 | 30 | 28 | 25 | 24 | 20 | 18 | 18 | 16 |
| 11 | गोवा | 16 | 15 | 13 | 10 | 11 | 10 | 11 | 10 | 9 | 10 | 9 | 8 | 9 |
| 12 | गुजरात | 54 | 53 | 52 | 50 | 48 | 44 | 41 | 38 | 36 | 35 | 33 | 30 | 30 |
| 13 | हरियाणा | 60 | 57 | 55 | 54 | 51 | 48 | 44 | 42 | 41 | 36 | 36 | 33 | 30 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 49 | 50 | 47 | 44 | 45 | 40 | 38 | 36 | 35 | 32 | 28 | 25 | 22 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 50 | 52 | 51 | 49 | 45 | 43 | 41 | 39 | 37 | 34 | 26 | 24 | 23 |
| 16 | झारखंड | 50 | 49 | 48 | 46 | 44 | 42 | 39 | 38 | 37 | 34 | 32 | 29 | 29 |
| 17 | कर्नाटक | 50 | 48 | 47 | 45 | 41 | 38 | 35 | 32 | 31 | 29 | 28 | 24 | 25 |
| 18 | केरल | 14 | 15 | 13 | 12 | 12 | 13 | 12 | 12 | 12 | 12 | 12 | 10 | 10 |
| 19 | लक्षद्वीप | 22 | 25 | 24 | 31 | 25 | 25 | 24 | 24 | 24 | 20 | 20 | 19 | 20 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 76 | 74 | 72 | 70 | 67 | 62 | 59 | 56 | 54 | 52 | 50 | 47 | 47 |
| 21 | महाराष्ट्र | 36 | 35 | 34 | 33 | 31 | 28 | 25 | 25 | 24 | 22 | 21 | 19 | 19 |
| 22 | मणिपुर | 13 | 11 | 12 | 14 | 16 | 14 | 11 | 10 | 10 | 11 | 9 | 11 | 12 |
| 23 | मेघालय | 49 | 53 | 56 | 58 | 59 | 55 | 52 | 49 | 47 | 46 | 42 | 39 | 39 |
| 24 | मिजोरम | 20 | 25 | 23 | 37 | 36 | 37 | 34 | 35 | 35 | 32 | 32 | 27 | 15 |
| 25 | नागालैंड | 18 | 20 | 21 | 26 | 26 | 23 | 21 | 18 | 18 | 14 | 12 | 12 | 7 |
| 26 | ओडिशा | 75 | 73 | 71 | 69 | 65 | 61 | 57 | 53 | 51 | 49 | 46 | 44 | 41 |
| 27 | पुद्दुचेरी | 28 | 28 | 25 | 25 | 22 | 22 | 19 | 17 | 17 | 14 | 11 | 10 | 11 |
| 28 | पंजाब | 44 | 44 | 43 | 41 | 38 | 34 | 30 | 28 | 26 | 24 | 23 | 21 | 21 |
| 29 | राजस्थान | 68 | 67 | 65 | 63 | 59 | 55 | 52 | 49 | 47 | 46 | 43 | 41 | 38 |
| 30 | सिक्किम | 30 | 33 | 34 | 33 | 34 | 30 | 26 | 24 | 22 | 19 | 18 | 16 | 12 |
| 31 | तमिलनाडु | 37 | 37 | 35 | 31 | 28 | 24 | 22 | 21 | 21 | 20 | 19 | 17 | 16 |
| 32 | तेलंगाना | [redacted] | | | | | | | | | 35 | 34 | 31 | 29 |
| 33 | त्रिपुरा | 31 | 36 | 39 | 34 | 31 | 27 | 29 | 28 | 26 | 21 | 20 | 24 | 29 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 73 | 71 | 69 | 67 | 63 | 61 | 57 | 53 | 50 | 48 | 46 | 43 | 41 |
| 35 | उत्तराखंड | 42 | 43 | 48 | 44 | 41 | 38 | 36 | 34 | 32 | 33 | 34 | 38 | 32 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 38 | 38 | 37 | 35 | 33 | 31 | 32 | 32 | 31 | 28 | 26 | 25 | 24 |

अनुलग्नक-**II**

'बच्चों की असामयिक मृत्यु' विषय में श्री सुधकर तुकाराम श्रंगरे, श्री रवि किशन और श्री पी॰ पी॰ चौधरी द्वारा दिनांक 12 जुलाई, 2019 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3363 के उत्तर के भाग (क) से (घ) में संदर्भित विवरण

वर्ष 2006-2015 के दौरान बच्चों (14 वर्ष से कम आयु) की दुर्घटनाओं के कारण मृत्यु के कुल मामलों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | **2006** | **2007** | **2008** | **2009** | **2010** | **2011** | **2012** | **2013** | **2014** | **2015** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 1513 | 1471 | 1480 | 1404 | 1260 | 1247 | 1166 | 1300 | 462 | 572 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 5 | 24 | 19 | 17 | 43 | 25 | 22 | 21 | 23 | 21 |
| 3 | असम | 337 | 419 | 376 | 377 | 460 | 455 | 367 | 360 | 270 | 183 |
| 4 | बिहार | 587 | 848 | 1028 | 1057 | 927 | 1106 | 833 | 1107 | 603 | 600 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 1469 | 1468 | 1314 | 1360 | 1375 | 1615 | 1304 | 1499 | 1460 | 1289 |
| 6 | गोवा | 52 | 45 | 53 | 37 | 30 | 38 | 36 | 39 | 29 | 25 |
| 7 | गुजरात | 1184 | 1235 | 1294 | 1216 | 1418 | 1274 | 1319 | 1330 | 1321 | 1114 |
| 8 | हरियाणा | 437 | 466 | 456 | 444 | 421 | 466 | 451 | 461 | 600 | 464 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 87 | 110 | 144 | 107 | 130 | 124 | 129 | 112 | 93 | 119 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 127 | 160 | 71 | 98 | 75 | 112 | 139 | 74 | 115 | 44 |
| 11 | झारखंड | 352 | 343 | 267 | 351 | 317 | 312 | 367 | 322 | 435 | 173 |
| 12 | कर्नाटक | 1133 | 1232 | 1100 | 1417 | 1075 | 1127 | 951 | 1166 | 1039 | 885 |
| 13 | केरल | 487 | 467 | 403 | 387 | 491 | 405 | 392 | 409 | 410 | 345 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 4132 | 3851 | 3933 | 3993 | 3973 | 4372 | 3734 | 4319 | 3829 | 3169 |
| 15 | महाराष्ट्र | 3839 | 3444 | 3368 | 3339 | 3272 | 3091 | 3137 | 3588 | 3071 | 3070 |
| 16 | मणिपुर | 22 | 16 | 19 | 21 | 18 | 21 | 17 | 19 | 22 | 7 |
| 17 | मेघालय | 24 | 44 | 55 | 88 | 42 | 95 | 29 | 45 | 59 | 38 |
| 18 | मिजोरम | 11 | 7 | 27 | 13 | 19 | 34 | 34 | 34 | 16 | 9 |
| 19 | नागालैंड | 0 | 4 | 10 | 4 | 0 | 3 | 9 | 7 | 2 | 3 |
| 20 | ओडिशा | 632 | 643 | 643 | 659 | 824 | 743 | 836 | 1174 | 637 | 404 |
| 21 | पंजाब | 276 | 254 | 277 | 298 | 322 | 439 | 389 | 311 | 304 | 214 |
| 22 | राजस्थान | 1322 | 1360 | 1204 | 1123 | 1146 | 1152 | 1043 | 1132 | 1135 | 1043 |
| 23 | सिक्किम | 12 | 5 | 1 | 19 | 7 | 18 | 17 | 6 | 19 | 13 |
| 24 | तमिलनाडु | 1128 | 994 | 1262 | 1173 | 1052 | 1048 | 1228 | 1145 | 1236 | 966 |
| 25 | तेलंगाना # | | | | | | | | | 545 | 549 |
| 26 | त्रिपुरा | 46 | 89 | 43 | 47 | 57 | 40 | 46 | 52 | 95 | 44 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 2060 | 2247 | 2337 | 2180 | 2365 | 2679 | 2164 | 2362 | 1539 | 1529 |
| 28 | उत्तराखंड | 64 | 78 | 112 | 151 | 180 | 189 | 115 | 106 | 51 | 57 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 571 | 952 | 1162 | 1104 | 1130 | 1231 | 1748 | 1417 | 965 | 544 |
| 30 | एक और एन द्वीप | 14 | 8 | 14 | 10 | 11 | 16 | 8 | 24 | 14 | 14 |
| 31 | चंडीगढ़ | 20 | 22 | 25 | 35 | 20 | 25 | 8 | 20 | 15 | 14 |
| 32 | दादर और नागर हवेली | 24 | 28 | 16 | 17 | 16 | 8 | 12 | 7 | 15 | 11 |
| 33 | दमन और दीव | 3 | 2 | 6 | 11 | 6 | 2 | 4 | 6 | 3 | 6 |
| 34 | दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र | 447 | 385 | 441 | 418 | 500 | 470 | 433 | 347 | 320 | 293 |
| 35 | लक्षद्वीप | 3 | 0 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 |
| 36 | पुदुचेरी | 32 | 45 | 38 | 38 | 34 | 45 | 32 | 39 | 15 | 30 |
| | कुल (अखिल भारत) | **22452** | **22766** | **22998** | **23016** | **23016** | **24027** | **22519** | **24360** | **20768** | **17861** |
| स्रोत : राज्य अपराध रिकार्ड ब्यूरो/सीआईडी से प्राप्त 'भारत में दुर्घटनाओं के कारण मृत्यु और आत्महत्याएं, 2014' में उल्लिखित आंकड़े | | | | | | | | | | | |
| # 2014 में नव-गठित राज्य | | | | | | | | | | | |